PRINT

# हिंदुस्तान (Hindustan)

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 238895 |
| दिनांक (Dated): 29.06.25 | पृष्ठ सं. (Page No.) 02 | क्रम सं. (Serial No.) 14 |

## मेट्रो स्टेशन पर मॉक ड्रिल की गई

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** मेट्रो में अगर किसी प्रकार का आतंकी हमला होता है तो उससे कैसे निपटा जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए शुक्रवार रात विभिन्न एजेंसियों ने राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर मॉक ड्रिल के माध्यम से रिहर्सल की।

मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ के साथ दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग, डीएमआरसी, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एनएसजी, खुफिया विभाग आदि ने हिस्सा लिया। अलग-अलग एजेंसियों के कुल 594 लोगों ने इसमें भाग लेकर सीखा कि किस तरह से उन्हें आपातकालीन परिस्थिति में काम करना है। शुक्रवार देर रात लगभग एक बजे मॉक ड्रिल की गई।